नगर आयुक्त ने किया गोद लिए गए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण, दिए दिशा निर्देश

शाहजहांपुर। नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा एवं नगर निगम के अधिकारियों ने गोद लिये गये नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर आमजन को कोविड-19 के महामारी के संक्रमण से बचाव हेतु लगाये जा टीकाकरण संबधी कार्यो का निरीक्षण किया। शासन की गाइडलाइन के अनुसार नगर निगम क्षेत्र में बने नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर कोविड-19 महामारी के संक्रमण से बचाव हेतु आमजन के कोविड-19 का टीकाकरण लगाये जाने हेतु कार्य किया जा रहा है। जिनकी देखभाल के लिये शासन के निर्देष पर नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने लोधीपुर स्थित नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, अपर नगर आयुक्त एसके सिंह द्वारा मोहल्ला एमनजई जलालनगर में बने नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सहायक नगर आयुक्त रश्मि भारती ने मोहल्ला बाडूजई प्रथम में बने नगरीय स्वास्थ्य केन्द्र, सहायक नगर आयुक्त अंगद गुप्ता ने नगर क्षेत्र के तारीन जलालनगर (पुलिस लाइन) में बने नगरीय स्वास्थ्य केन्द्र एवं मुख्य अभियंता दिनेश चन्द्र सचान ने नगर क्षेत्र के सराय काईयां में बने नगरीय स्वास्थ्य केन्द्र

को गोद लिया गया है। इसी क्रम में नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने आज गोद लिये गये नगर क्षेत्र के लोधीपुर स्थित नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया और कोविड-19 के संक्रमण से बचाव हेतु टीकाकरण से संबन्धित किये जा रहें कार्यो हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही आमजन से कोविड-19 के संक्रमण से बचाव हेतु वैक्सीनेशन कराये जाने की अपील की। इसी क्रम में अपर नगर आयुक्त एसके सिंह ने गोद लिये गए एमनजई जलालनगर में बने नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सहायक नगर आयुक्त अंगद गुप्ता ने तारीन जलालनगर (पुलिस लाइन) में बने नगरीय स्वास्थ्य केन्द्र पर कोविड-19 टीकाकरण से संबधित किये जा रहें कार्यो का निरीक्षण किया गया। इस मौके संबंधित सफाई नायक और खाद्य निरीक्षक आदि मौजूद रहे।